www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

बुधवार
10 दिसंबर 2025, नई दिल्ली\नोएडा

● पांच प्रदेश ● 23 संस्करण


श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली 15 सदस्यीय टीम का चयन



**अवसर** | यमुना विकास प्राधिकरण ने इकाइयां लगाने के लिए कंपनियों को जमीन आवंटित की, इससे परियोजनाओं को रफ्तार मिलेगी

# औद्योगिक पार्कों में हजारों लोगों के रोजगार की राह खुली

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने मेडिकल डिवाइस पार्क, मिक्स लैंड समेत अन्य औद्योगिक योजना के तहत 65 भूखंडों का आवंटन किया है। प्राधिकरण का दावा है कि इन भूखंडों के आवंटन से 2,200 करोड़ का निवेश आएगा और 22 हजार लोगों को रोजगार मिलेंगे।

यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए 12 भूखंडों की योजना शुरू की थी। यह योजना 16 जून से छह अगस्त 2025 तक चली, जिसमें कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए। ड्रॉ के माध्यम से कुल 12 भूखंडों का आवंटन किया गया। इसमें दो भूखंडों का आवंटन कैंसर केयर, तीन आवंटन रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग, एक इम्पालंट्स, तीन एनेस्थेसिया एवं कार्डियों रेस्पिरेटरी और तीन आवंटन इनविट्रो डायग्नोस्टिक्स उपकरणों के लिए किया गया।

मिक्स लैंड यूज के अंतर्गत औद्योगिक भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई। यह योजना आठ मई से 31 जुलाई 2025 तक चली, जिसमें कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। 11 आवेदक पात्र पाए गए। इसमें दो भूखंडों का आवंटन इलेक्ट्रॉनिक गुड्स एंड ईएसडीएम, दो आवंटन रेडिमेड गारमेंट्स, दो आवंटन आईटी/आईटीईएस, एक आवंटन नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी को किया गया है। सेक्टर-29, 32 और 33 में सामान्य एमएसएमई इंडस्ट्री, टॉय पार्क, अपैरल पार्क एवं हैंडीक्राफ्ट पार्क में 8000 वर्ग मीटर आकार तक के औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया। योजना आठ मई से 31 जुलाई 2025 तक चली, जिसमें कुल 527 आवेदन प्राप्त हुए। कुल 37 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया। 22 आवंटन एमएसएमई, दो आवंटन टॉय पार्क, आठ अपैरल पार्क और पांच आवंटन हैंडीक्राफ्ट पार्क में किए गए। इसके अलावा 8000 वर्ग मीटर से अधिक आकार के औद्योगिक भूखंडों की योजना में कुल 75 आवेदन प्राप्त हुए। पांच आवेदक पात्र पाए गए। कंपनियों को आवंटन किया गया।



## 2200 करोड़ का निवेश आएगा

| योजना | भूखंड | निवेश | रोजगार |
|---|---|---|---|
| ■ मेडिकल डिवाइस पार्क | 12 | 100 | 1,000 |
| ■ मिक्स लैंड यूज | 11 | 1,000 | 4,500 |
| ■ औद्योगिक भूखंड* | 37 | 700 | 3,000 |
| ■ औद्योगिक भूखंड** | 05 | 400 | 13,500 |
| ■ कुल | 65 | 2,200 | 22,000 |

(*8000 वर्गमीटर तक **8000 वर्गमीटर से ऊपर)
निवेश की रकम करोड़ रुपये में

" प्राधिकरण ने अलग-अलग औद्योगिक पार्कों में छोटे बड़े करीब 65 नए भूखंडों का आवंटन किया। इससे शहर में 2200 करोड़ का निवेश आएगा। साथ ही 22 हजार लोगों को रोजगार मिलेंगे।

**-आरके सिंह,** सीईओ, यमुना विकास प्राधिकरण